03/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपनी मज़बूत अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि तेज़ी से हो रहा आर्थिक विकास, विकसित भारत के विज़न को पूरा करने की नींव बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज 'सस्टेनिंग एंड स्ट्रेंथनिंग इकॉनमिक ग्रोथ' थीम पर बजट के बाद हुए वेबिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया के लिए एक भरोसेमंद और मज़बूत विनिर्माण भागीदार बनने का मौका है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा और संकल्प साफ़ है कि ज़्यादा बनाएँ, ज़्यादा प्रोड्यूस करें, ज़्यादा कनेक्ट करें और ज़्यादा एक्सपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि क्लीन टेक्नोलॉजी में शुरुआती इन्वेस्टमेंट से इंडस्ट्रीज़ को उभरते बाज़ारों तक पहुँचने सुनिश्चित होगी।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में कल राज्य कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस कैडर के तहत पंद्रह पदों के श्रृजन को मंज़ूरी दी। कैबिनेट ने पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए एक्रेडिटेशन को आसान बनाने के लिए “अरुणाचल प्रदेश प्रेस मान्यता नियम, 2025 का मसौदा” को

मंज़ूरी दी। राज्य कैबिनेट ने शिक्षा विभाग से जुड़े पांच बड़े एजेंडा को भी मंज़ूरी दी। कैबिनेट ने "पाक्के घोषणा लागू करने की रिपोर्ट-2025" भी लॉन्च की। अरुणाचल प्रदेश में तैइस विभागों द्वारा जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई भी शामिल हैं। राज्य कैबिनेट आगामी छः मार्च, 2026 से शुरू होने वाले राज्य विधानसभा सत्र में पेश करने हेतु ड्राफ्ट बिल को मंज़ूरी दे दी है जिनमें, अरुणाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का ट्रांसफर एवं पोस्टिंग (विनियमन और प्रबंधन) बिल, 2026, सेकेंडरी शिक्षा विभाग के तहत फिजिकल एजुकेशन टीचर के लिए भर्ती नियम बनाने, कॉलेज के शिक्षकों को प्रोफेसरशिप प्रादान करना, प्रिंसिपल पद के लिए भर्ती नियमों में बदलाव (संशोधन) नियम 2012, एवं, अरुणाचल प्रदेश राज्य में डिप्लोमा, PCM, PCB और सम्बद्ध सीटों के आवंटन के लिए मौजूदा आरक्षण नीतियां में बदलाव करना शामिल हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, चौना मेन ने कल सिविल सचिवालय में वर्ष 2026-27 के लिए राज्य बजट के तहत समुदाय आधारित संगठनों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक आयोजित किया। उपमुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि बजट पूर्व परामर्श कोई रूटीन औपचारिअकता नहीं है, बल्कि लोगों की बातों पर ध्यान केंद्रित करने का एक मंच है।

श्री मेन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि युवाओं को सशक्त और नई पीढ़ी को नए अवसर सुनिश्चित करना सरकार के विज़न का केंद्र है। बैठक में हेरिटेज गांवों के विकास एवं सांस्कृतिक पर्यटन मॉडल जैसे पहलों पर भी चर्चा की गई।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग - APSCW, ईटानगर द्वारा महिलाओं की शिकायतों को दूर करने के लिए आगामी नौ से तेरह मार्च 2026 तक पांच दिवसीय जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजन करने जा रहा हैं। सुनवाई सुबह दस बजकर तीस मिनट से पापुनल्लाह के पापु हिल, अथित APSCW ऑफिस में किया जाएगा। जन सुनवाई में स्टेट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी के सदस्य एवं पुलिस आदि हितधारक विभाग हिस्सा लेंगे। कमीशन ने कहा कि कोई भी महिला जो घरेलू हिंसा या अत्याचार से परेशान है या सह रही है, वह APSCW के ऑफिस में शिकायत लेटर फाइल कर सकती है। इस बीज जनत से भी जन सुनवाई में भाग लेने हेतु प्रोतसाहित किया गया है।

0000000000000000000000

भारत की जनगणना 2027 के तहत हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस (चरण-एक) पर तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, ज़ीरो स्थित डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटेरिएट के गोल्डन जुबली कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम लोअर सुबनसिरी, कई पान्योर एवं कामले जिलों के जनगणना अधिकारियों के लिए है। जनगणना 2027 सौ प्रतिशत डिजिटल प्रक्रिय से की जाएगी। अरुणाचल प्रदेश में जनगणना दो चरणों में की जाएगी जिसके तहत पहला चरण, हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस, आगामी एक मई से तीस मई 2026 तक किया जाएगा, और दूसरा चरण, जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 से शुरू होगी।

000000000000000000000000

पांगकांग (जोरकोंग) गांव के छियासी में से उनासी घरों ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट की प्री-फीजिबिलिटी रिपोर्ट से जुड़ी गतिविधियाँ करने के लिए अपनी मंज़ूरी दी गई है।

000000000000000000000000

अल्फा (आई) गुट के एक कट्टर विद्रोही, सेल्फ़ स्टाइल्ड सेकंड लेफ्टिनेंट बितुल बरुहा ने तिराप जिले के खोंसा में आत्म समर्पण किया। होरू चिंगहान इलाके में अल्फा (आई) गुट के एक कट्टर विद्रोही की मौजूदगी के बारे में सूत्रों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर, तिराप पुलिस, 36 बटालियन CRPF, और खोंसा बटालियन, असम राइफल्स की एक टीम ने COB नोग्लो में एक खास जॉइंट ऑपरेशन किया गया।

0000000000000000000000000

नॉर्थ ईस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर, दीमापुर और साउथ सेंट्रल ज़ोन कल्चरल सेंटर, नागपुर, संस्कृती मंत्रालय के तहत कल शाम पांच बजे अरुणाचल के नामसाई मल्टीपर्पस कल्चरल हॉल में “भारत को जानो और सिमांत क्षेत्र कार्यक्रम और मध्य दक्षिण महोत्सव 2026” का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को ज़िला प्रशासन, नामसाई और राज्य के कला एवं संस्कृती विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

0000000000000000000000000